# रीवा के नवीन जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कम्प

## जिला जज के मेल में आया मैसेज, दोपहर 2 .35 बजे तक का अल्टीमेटम, पुलिस छावनी में तब्दील हुआ न्यायालय, परिसर कराया गया खाली, बम स्क्वाड और डाग स्क्वाड ने की सर्चिंग







नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 जनवरी, रीवा के नवीन जिला न्यायालय में गुरूवार को उस समय हडकम्प मच गया जब जिले के मुख्य न्यायाधीश के ईमेल पर धमकी मिली की न्यायालय को बम से उड़ा दिया जायेगा. ईमेल पर दोपहर 2.35 बजे धमाके का समय दिया गया था.**

ईमेल मिलते ही न्यायालय में हडकम्प मच गया और देखते ही देखते न्यायाधीश सहित अधिवक्तागण कोर्ट से बाहर निकल आए. वही इसकी सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में भी हडकम्प मच गया. पुलिस के वरिष्ठ सहित कई थानों की पुलिस न्यायालय पहुंची. इसके साथ ही बम और डाग स्क्काड़ मौके पर पहुंचा. जिसके बाद न्यायालय में सघन तलाशी अभियान चलाया गया. लेकिन पुलिस के हाथ कुछ नही लगा. मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को मुख्य न्यायाधीश के ईमेल पर धमकी मिली की न्यायालय को बम से उड़ा दिया जायेगा. ईमेल भेजने वाले ने दोपहर 2.35 बजे धमाके का समय दिया. ईमेल में धमकी मिलने के बाद न्यायालय में हडकम्प की स्थित निर्मित हो गई और सूचना मिलते ही एसपी सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और कई थानों का बल पहुंचा गया. जिसके बाद न्यायालय को पूरी तरह से खाली कराया गया. बम स्क्काड़ सहित डाग स्क्काड़ मौके पर पहुंचा और सर्चिंग शुरू की. देखते ही देखते पूरा न्यायालय पुलिस छावनी में तब्दील हो गया. बम निरोधक दस्ते के द्वारा पूरे कोर्ट परिसर के चप्पे चप्पे की सर्चिंग की गई. हालांकि सर्चिंग में किसी भी प्रकार का विस्फोटक सामान नहीं मिला है. फिलहाल पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां ई-मेल भेजने वाले अज्ञात व्यक्ति की पहचान और धमकी की सच्चाई की जांच में जुटी हुई हैं. वही एहतियात के तौर पर न्यायालय में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है. वही बम की सूचना के बाद न्यायालय का सारा कामकाज पूरी तरह से बंद रहा.

# रेलवे सुरक्षा बल पर हमला, एक जवान घायल

## अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर, गोरबी पुलिस ने दर्ज किया अपराध

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 8 जनवरी । मोरवा थाना क्षेत्र के गोरबी चौकी अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल के जवानों पर ड्यूटी के दौरान जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना में एक जवान गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। घटना के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरपीएफ आउटपोस्ट सिंगरौली में पदस्थ आरक्षी मनोज कुमार प्रसाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीते 7- 8 जनवरी की दरमियानी रात वे अपने साथी आरक्षी चंदन कुमार के साथ रेलवे संपत्ति की सुरक्षा में तैनात थे। यह ड्यूटी सिंगरौली एवं महदेइया रेलवे स्टेशन के मध्य किलोमीटर संख्या 192-34 से फाटक संख्या 16 /एसपीएल/टी के बीच रात 9 बजे से सुबह 5 बजे तक थी। रात लगभग 1:25 बजे पहाड़ी की ओर से करीब 12 अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे और ड्यूटी कर रहे जवानों से अभद्रता करते हुए वहां से हटने की धमकी देने लगे। जब जवानों ने अपनी ड्यूटी का हवाला देकर हटने से इनकार किया तो आरोपियों ने हमला कर दिया।

इस दौरान आरक्षी चंदन कुमार के सिर और नाक पर लाठी से वार किया गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा। वहीं शिकायतकर्ता मनोज कुमार प्रसाद के दाहिने हाथ के अंगूठे में भी चोट आई। शोर मचाने पर सभी हमलावर जंगल की ओर फरार हो गए। हमलावरों की उम्र लगभग 25 से 32 वर्ष के बीच बताई जा रही है।

घटना की सूचना तुरंत आरपीएफ आउटपोस्ट सिंगरौली को दी गई, जिसके बाद अधिकारी व स्टाफ मौके पर पहुंचे। घायल आरक्षी चंदन कुमार को उपचार के लिए सिंगरौली जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं इस मामले में गोरबी चौकी प्रभारी द्वारा रिपोर्ट के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 296(बी), 351(3), 121(2) एवं 191(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जारी रही है।

# हाथी ने युवक को कुचला, गंभीर हालत, युवक अस्पताल में भर्ती

## संजय टाइगर रिजर्व क्षेत्र के कोर एरिया कुंदौर में लकड़ी बीनने के दौरान युवक हुआ घटना का शिकार





नवभारत न्यूज

**सीधी, 8 जनवरी. जिले के संजय टाइगर रिजर्व क्षेत्र में जंगली हाथी ने जंगल में लकड़ी बीनने गए एक युवक पर हमला कर उसे कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां वह जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है।**

घटना संजय टाइगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र पोंडी के कोर एरिया में स्थित ग्राम कुंदौर की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवपूजन सिंह पिता गणेश सिंह उम्र 27 वर्ष निवासी कुंदौर बीती दोपहर करीब 12 बजे जंगल में सूखी लकड़ी बीनने गया था। इसी दौरान दिठोर नाला के पास उसका सामना एक जंगली हाथी से हो गया। हाथी को सामने देखकर युवक घबरा गया और जान बचा लिए दौड़ लगा दी, लेकिन कुछ दूरी पर वह औंधे मुंह गिर पड़ा। पीछे से पहुंचे हाथी ने उसकी कमर, कूल्हे और पैर को बेरहमी से कुचल दिया और आगे बढ़ गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ।हाथी के जाने के बाद घायल युवक दर्द से कराहता हुआ किसी तरह खुद को घसीटते हुए पास के वाच टावर तक ले गया और मोबाइल फोन से परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और वन विभाग को अवगत कराया।

घटना की जानकारी मिलते ही संजय टाइगर रिजर्व के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायल युवक को तत्काल जिला चिकित्सालय सीधी पहुंचाकर भर्ती कराया गया। वर्तमान में युवक का इलाज जारी है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### अकेला हाथी बना ग्रामीणों के लिए खतरा

ग्रामीणों के अनुसार करीब चार माह पूर्व दो जंगली हाथी सीधी-शहडोल सीमा की बनास नदी पार कर संजय टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पहुंचे थे और क्षेत्र में उत्पात मचाने लगे थे। शिकायत के बाद वन विभाग ने एक हाथी को ट्रेंकुलाइज कर बांधवगढ़ भेज दिया, जबकि दूसरा हाथी अब भी क्षेत्र में अकेले स्वच्छंद विचरण कर रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

# मुख्यमंत्री आज अल्प प्रवास पर आएंगे रीवा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 जनवरी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल से दोपहर 12.30 बजे वायुयान द्वारा रवाना होकर अपरान्ह 1.20 बजे रीवा एयरपोर्ट पहुंचेगे. तदुपरांत रीवा एयरपोर्ट से हेलीकाप्टर द्वारा अपरान्ह 1.30 बजे बहरी जिला सीधी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रवाना होंगे.**



मुख्यमंत्री बहरी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत हेलीकाप्टर द्वारा शाम 4.30 बजे रीवा एयरपोर्ट आयेंगे तथा शाम 4.40 बजे वायुयान द्वारा भोपाल रवाना होंगे.

# थाने के सामने ऑटो में अर्धनग्न मिली चालक की लाश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 जनवरी, शहर के समान थाने के सामने खड़ी ऑटो में ऑटो चालक की अर्धनग्न हालत में लाश मिली है.**

परिजनों ने दावा किया है कि मृतक के शरीर से कपड़े उतरे मिले है, उसकी जेब में रखा मोबाइल और ऑटो की बैट्री तक गायब मिली है. वही मृतक सिर और पीठ सहित शरीर के हिस्सों में चोट के निशान है. मामले में परिजनों ने सीधे तौर पर हत्या का आरोप लगाया है. फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के अस्पताल भेज दिया है, और मामले की जांच शुरू कर दी है. मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह समान थाने के सामने खड़ी ऑटो में ऑटो चालक की अर्धनग्न हालत में लाश मिलने से हड़कंप मच गया. मामले में मृतक की पहचान शारदापुरम स्थित पोखरी टोला निवासी सोनू सोंधिया के रूप में की गई है. मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि सोनू पेशे ऑटो चालक था जो रोजाना की तरह बीती रात ऑटो चलाने निकला था और आज सुबह ऑटो में ही उसकी लाश मिली है. परिजनों ने बताया है कि जिन परिस्थितियों ने लाश मिली है, उससे सीधे तौर पर हत्या प्रतीत हो रहा है. हालांकि मौत कैसे और किन परिस्थितियों ने हुई यह साफ नहीं हो सका है. पुलिस द्वारा फिलहाल शव का पीएम कराया जा रहा है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है.

# मैहर में कक्षा-5वीं तक विद्यालयों में अवकाश घोषित

नवभारत न्यूज

**मैहर,8 जनवरी. कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर रानी बाटड ने मैहर जिले में शीतऋतु के प्रभाव से तापमान में आ रही गिरावट, शीतलहर एवं कोहरे के दृष्टिगत प्री प्राइमरी से कक्षा 5वीं के विद्यालयों में 9 से 10 जनवरी तक अवकाश घोषित किया है।**

कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, आईएसई, सीबीएसई तथा अन्य मान्यता प्राप्त समस्त विद्यालयों में अध्ययनरत प्री-प्राइमरी से कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों के लिए 9 से 10 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है।

# चौरा गांव में हुए सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा गंभीर



नवभारत न्यूज़

**सिंगरौली 8 जनवरी ।माड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत चौरा गांव के पास गुरुवार रात करीब 8 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। बोलेरो वाहन और मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई।**

घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न भेजा गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने परसौनाङ्कमाड़ा राजमिलिन मार्ग पर सड़क जाम कर दिया। आक्रोशित लोगों का कहना था कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों का आतंक बना रहता है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया। सूचना मिलने पर माड़ा थाना एवं खुटार चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। मृतक युवक की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक सरई थाना क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है, जिसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। घटनास्थल पर किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया।


# समग्र आईडी में जिंदा व्यक्ति को मृत घोषित करने का मामला

## योजनाओं से वंचित पीड़ित ने उपखण्ड अधिकारी से की शिकायत

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 8 जनवरी । चितरंगी जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत खटाई से प्रशासनिक लापरवाही और संभावित वित्तीय अनियमितता का एक अत्यंत गंभीर मामला सामने आया है।**

यहाँ एक जीवित व्यक्ति को सरकारी रिकॉर्ड में मृत घोषित कर दिया गया, जिससे वह बीते लगभग पाँच वर्षों से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित है। इस चौंकाने वाले प्रकरण को लेकर पीड़ित ने उपखण्ड अधिकारी चितरंगी को लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम



खटाई निवासी विश्वनाथ द्विवेदी पिता सगुनदास द्विवेदी ने अपने आवेदन में बताया कि उनकी समग्र आईडी क्रमांक 39213231 मेंबर आईडी 176446773 में 4 जुलाई 2018 को उन्हें मृत दर्ज कर दिया गया है। जबकि वास्तविकता यह है कि वे जिन्दा हैं। पीड़ित के अनुसार यह गंभीर त्रुटि ग्राम पंचायत खटाई के तत्कालीन सचिव एवं रोजगार सहायक द्वारा की गई।

विश्वनाथ द्विवेदी ने आवेदन में उल्लेख किया है कि समग्र आईडी में मृत्यु दर्ज हो जाने के कारण उन्हें वृद्धावस्था पेंशन, राशन, स्वास्थ्य सुविधाओं सहित शासन की किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि त्रुटि सुधार के लिए वे कई वर्षों तक पंचायत सचिव और रोजगार सहायक के चक्कर काटते रहे, लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन देकर लौटा दिया गया। समस्या का समाधान आज तक नहीं किया गया।

# अनुदानित उर्वरकों और गैर-सब्सिडी वाले उत्पादों की टैगिंग पर रोक

**सतना 08 जनवरी.** म.प्र. शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर-सब्सिडी वाले उत्पादों जैसे कीटनाशक, नैनों यूरिया, बाया-स्टिमुलेंट की टैगिंग से किसानों को उर्वरक उपलब्धता प्रभावित होती है। अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर-सब्सिडी वाले उत्पादों को टैग करने की शिकायतें प्राप्त हो रही है। उर्वरकों की टैगिंग आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 तथा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों में उल्लेखित है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास आशीष पाण्डेय ने सतना एवं मैहर जिले के समस्त उर्वरक निरीक्षक को निर्देशित किया है कि अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर सब्सिडी वाले उत्पादों कीटनाशक, नैनों यूरिया, बाया-स्टिमुलेंट की टैगिंग को रोकने के लिए विकासखण्ड स्तर पर निरीक्षण अभियान एवं आकस्मिक निरीक्षण कर दोषी उर्वरक विक्रेताओं के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करें।

# 15 विभागों के संयुक्त प्रयासों से बनी नई रोजगार योजना : राजेन्द्र



नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 जनवरी, गुरुवार को भाजपा कार्यालय अटल कुंज में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने पत्रकारों से चर्चा की. उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी रामजी योजना में 125 दिन के रोजगार की गारंटी है.**

15 विभागों की संयुक्त कार्ययोजना से खेती रोजगार और उद्योग का सशक्त माध्यम बनेगी. इससे गांवों की तस्वीर बदलेगी. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस योजना का लाभ हर एक ग्रामीण को मिलेगा. पहले मनरेगा में महज 100 दिन रोजगार की गारंटी थी. इस योजना के तहत राज्य में साल में 60 दिन कटाई बुआई के दिन अधिसूचित कर सकेंगे. राशि में केंद्र और राज्य का 60-40 का रेशो रखा गया है. मजदूरी की दरें केंद्र सरकार तय करेगी. इस योजना में मजदूरों के लिये कई तरह के प्रावधान किये गये हैं. जिससे ना सिर्फ उनका लाभ लोगा, बल्कि गांव भी विकसित होंगे. प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच से आज दुनिया भारत की ओर देख रही है. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वीबी जी राम जी योजना वर्ष 2047 तक विकसत भारत के लक्ष्य को साकार कर गांवों को समृद्ध बनाएगी. यह योजना गांवों के विकास में मील का पत्थर साबित होगी. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता को जमीन पर उतार रहे हैं. कृषि वर्ष 2026 में कृषि को उद्योग और रोजगार से जोड़कर सरकार किसानों की आय बढ़ाने का कार्य करेगी. कृषि आधारित उद्योग को नया विस्तार मिलेगा.

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि कांग्रेस शासनकाल में इस योजना में 35 हजार करोड़ मिलते थे, जिसे बढ़ा कर पहले 74 हजार करोड़ और अब 95 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया है. यह कांग्रेस शासनकाल से करीब तीन गुना ज्यादा है. मध्य प्रदेश की सरकार 15 विभागों की संयुक्त कार्ययोजना बना कर कृषि को रोजगार और उद्योग का सशक्त माध्यम बनाएगी. कांग्रेस को इस योजना के विरोध के बजाय तथ्यात्मक बात करनी चाहिये.






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99